वर्ष 11 अंक 45
पृष्ठ 20+4=24
पानीपत, शनिवार
12 अगस्त 2017
हरियाणा
मूल्य ₹ 5.00

दैनिक जागरण

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

विधायक षड्यंत्र के चलते कर रहे सदस्यता सूची का विरोध 2

जया मौत मामला फिर पहुंचा अदालत 5

www.jagran.com

हरियाणा • दिल्ली • उत्तर प्रदेश • मध्य प्रदेश • उत्तराखण्ड • बिहार • झारखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

प्रशिक्षण शिविर में किया 80 पशुओं का उपचार

जागरण संवाददाता, कैथल : केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान की ओर से गांव कठवाड़ में किसान पहले परियोजना के तहत पशु चिकित्सा प्रशिक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में विभिन्न बीमारियों से पीड़ित 80 पशुओं का मौके पर ही उपचार किया गया। नस्ल सुधार के लिए 20 पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान किया गया। शिविर का आयोजन संस्थान के निदेशक डॉ. प्रबोध चंद्र शर्मा की देखरेख में हुआ। संयोजक डॉ. परविंद्र श्योराण ने परियोजना के बारे में बताते हुए कहा कि किसानों को अपनी आजीविका के लिए कृषि के साथ साथ पशुधन को भी व्यवसाय के रुप में अपनाना होगा। राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल से आए डॉ. महेंद्र सिंह ने किसानों को पशुओं की अच्छी नस्ल पालने, संतुलित आहार हेतु खनिज लवण मिश्रण का उपयोग, टीकाकरण कार्यक्रम, बीमारियों जैसे थनैला रोग, रिपिट ब्रीडिंग की पहचान एवं समाधान के बारे में उचित जानकारी दी। उन्होंने किसानों को पशु आवास में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने एवं कृत्रिम गर्भाधान से अच्छी नस्ल के पशु तैयार करने पर बल दिया। प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले 170 किसानों को मिनरल-मिक्चर, पेट के कीड़े, चिचड़ी की मुफ्त दवाई भी दी गई। इस अवसर पर किसान सरपंच गुलाब सिंह, प्यारे लाल, तरसेम, लखमीचंद, रामनाथ, रामफल ग्योंग मौजूद थे।